# Candidate Marks Report

*Series : Apr-May 2016* Om Singh Shekhawat

This candidate's script has been assessed using On-Screen Marking. The marks are therefore not shown on the script itself, but are summarised in the table below.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Centre No : | rpsc | Assessment Code : | Paper-I (Third Valuation) |
| Candidate No : | 117494 | Component Code : | 01 |
| Candidate Name : | NONAME | | |

| | |
|---|---|
| Total Marks : | **102.5 / 200** |

In the table below 'Total Mark' records the mark scored by this candidate.
'Max Mark' records the Maximum Mark available for the question.

Om Singh Shekhawat

| | |
|---|---|
| **Paper:** | **3001A** |
| **Paper Total:** | **102.5 / 200** |

| Question | Total Mark / Max Mark |
|---|---|
| 1 | 2 / 2 |
| 2 | 2 / 2 |
| 3 | 1.5 / 2 |
| 4 | 1.5 / 2 |
| 5 | 1.5 / 2 |
| 6 | 4 / 5 |
| 7 | 4 / 5 |
| 8 | 4 / 5 |
| 9 | 4 / 5 |
| 10 | 12 / 20 |
| 1 | 1.5 / 2 |
| 2 | 1.5 / 2 |
| 3 | 1.5 / 2 |
| 4 | NR / 2 |
| 5 | 2 / 2 |
| 6 | 2 / 5 |
| 7 | 2 / 5 |
| 8 | 3 / 5 |
| 9 | 3 / 5 |
| 10 | 7 / 20 |
| 1 | 0.5 / 2 |
| 2 | 1 / 2 |
| 3 | 1 / 2 |
| 4 | 1.5 / 2 |
| 5 | 1 / 2 |
| 6 | 1.5 / 5 |
| 7 | 2 / 5 |
| 8 | 3 / 5 |
| 9 | 3 / 5 |
| 10 | 10 / 20 |
| 1 | 0 / 2 |
| 2 | NR / 2 |

| | |
|---|---|
| 3 | NR / 2 |
| 4 | 1.5 / 2 |
| 5 | 1 / 2 |
| 6 | 2 / 5 |
| 7 | 2.5 / 5 |
| 8 | 3 / 5 |
| 9 | 2 / 5 |
| 10 | 6 / 20 |

PART - I

Paper Code

P-1

117494

## IMPORTANT NOTES
## महत्त्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question-Answer Booklet properly before answering.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार से भर लें ।

(B) The question paper is divided into different unit and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं ।

(C) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **अंग्रेजी या हिन्दी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(D) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words; failing this, marks will be deducted.
अभ्यर्थियों को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जायेंगे ।

(E) Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. name, address, telephone number, Name of God etc. or any irrelevant words other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained, if Roll Number is not filled correctly on the O.M.R. Sheet.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ़ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी अपना नाम, रोल नंबर अथवा अन्य कोई पहचान चिह्न यथा -- प्रश्नोत्तर में नाम, पता, दूरभाष नंबर, देवताओं के नाम अथवा अन्य कोई भी प्रश्नोत्तर से असम्बंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा । ओ.एम.आर. पत्रक पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा उसके प्राप्तांकों में से 5 अंक भी काटे जा सकते हैं ।

(F) Candidates are directed that they should not write (answer) out side the border line in every page. Answer written out side the border line will not be checked by the Examiner.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रत्येक पृष्ठ में बनाई गई बार्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें । बार्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को परीक्षक द्वारा जाँचा नहीं जायेगा ।

(G) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

(H) The Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate. Candidate must sign the declaration as per directions printed on the envelope and return it to the invigilator.
अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है । अभ्यर्थी लिफाफे पर अंकित निर्देशों को पढ़कर घोषणा पर हस्ताक्षर कर लें और उसे अभिजागर को वापस कर दें ।

(I) Candidate should fill up all desired details on this attached OMR sheet of Question-Answer Booklet with **blue** ball point pen. Please ensure that this OMR Sheet is not torn or damaged.
अभ्यर्थी प्रश्नोत्तर पुस्तिका के ऊपर संलग्न इस ओ.एम.आर. पत्रक पर सभी वांछित विवरण **नीले** बॉल पेन से सावधानीपूर्वक भरें । ध्यान रखें कि यह ओ.एम.आर. पत्रक कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(J) This **OMR** Sheet consists of **Two** parts, in which some information is pre-printed; remaining details have to be filled by the candidate.
यह **ओ.एम.आर**. पत्रक **दो** भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं । शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है ।

(K) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly, bring it to notice of invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है, तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा ले, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

**विशेष नोट** :
अभ्यर्थी द्वारा यदि ओ.एम.आर. पत्रक पर गलत सूचना भरी जाती है या उसे किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा संपूर्ण परीक्षा हेतु अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

**Special Notes :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage it or any marking as identification is done, then his candidature for the entire examination shall be rejected by the commission, for which he will be liable.

## SPACE FOR ROUGH WORK

**Unit – I** **(50 Marks)**

**(यूनिट – I)** **(50 अंक)**

**Part – A** **Marks : 10**

**भाग – अ** **अंक : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों का उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. Enlist any two salient features of Nathdwara paintings.
नाथद्वारा चित्रकला की किन्हीं दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(1) चित्रों में पिछवई (कपड़े पर कृष्ण के चित्र) की प्रधानता

(2) केले एवं कदम्ब के वृक्ष की प्रधानता है।

(3) पुष्टिमार्ग द्वारा नाथद्वारा के चित्रशैली को ~~बढ़ावा~~

(4) कृष्ण भक्ति की छाप राधा कृष्ण चित्र

2. What was the attitude of Jaipur Prajamandal towards Quit India Movement of 1942 ?
जयपुर के प्रजामण्डल का 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन के प्रति क्या दृष्टिकोण था ?

भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग नहीं लिया।

जेन्टलमैन समझौता – मिर्जा इस्माइल द्वारा।

(इस प्रकार रियासत ने भारत छोड़ो आन्दोलन के समझौते के परिणाम स्वरूप भाग नहीं लिया)

कर्पूरचन्द्र पाटनी – 1931 जयपुर प्रजामण्डल की स्थापना



[redacted]

3. Explain the nature of Din-i-Ilahi of Akbar.

अकबर के दीन-ए-इलाही की प्रकृति पर प्रकाश डालिये ।

अकबर ने सुलह-ए-कुल की नीति पर दीन-ए-इलाही शुरू किया। सभी धर्मों के सद्गुणों का समावेश। ईश्वर वादी।
अकबर – पैगम्बर, मांसभक्षण नहीं।
– विंसेंट स्मिथ → अकबर की बुद्धिमत्ता नहीं, मूर्खता का स्मारक।

4. What is the fundamental difference between the religious teachings of Arya Samaj and Ramkrishna Mission ?

आर्य समाज और रामकृष्ण मिशन की धार्मिक शिक्षाओं में आधारभूत अंतर क्या है ?

| आर्य समाज (1875) | रामकृष्ण मिशन (1897) |
|---|---|
| – वैदिक धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा | – अद्वैत वेदान्त का समर्थन |
| – मूर्तिपूजा, धार्मिक आडम्बरों का विरोध किया | – मूर्ति पूजा मान्य, मानवता का उपासक |
| – दयानन्द सरस्वती – वेदों की ओर लौटो | – स्वामी विवेकानन्द – एक नए विश्व बुद्धा पद्धति |

5. What do you understand by the ideals of the Renaissance Man ?

'रेनेसाँ मैन' के आदर्श से आप क्या समझते हैं ?

रेनेसाँ में मानववाद का विकास (पेट्रार्क – बोकेशियो) चित्रकला का विकास – (लियोनार्डो विन्सी – मोनालिसा व लास्टसपर) भौगोलिक खोजों को बढ़ावा (भारत, नई दुनिया) वैज्ञानिक आविष्कार – गैलीलियो – दूरबीन, न्यूटन – गुरुत्वाकर्षण



[redacted]

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 20**
**अंक : 20**

**Note :** Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.
**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों का उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं ।

6. Throw light on the concept of "Rina" in Indian tradition.
भारतीय परम्परा में ऋण की अवधारणा पर प्रकाश डालिए ।

भारतीय परम्परा में ऋण तीन माने गए है – (1) देव ऋण (2) पितृ ऋण (3) ऋषि ऋण। ऋण त्रय।
(1) देव ऋण – देवताओं को यज्ञादि पूजा पाठ के माध्यम से संतुष्ट रखना
(2) पितृ ऋण – सामाजिक दायित्व का निर्वहन, संतानोत्पत्ति कर्म (पितृ श्राद्ध)
(3) ऋषि ऋण – गुरु द्वारा दी गई शिक्षाओं के लिए ऋषि ऋण।
भारतीय संस्कृति में ईश्वर गुरु व समाज का आधिक ऋण माना गया है। इन्हें धर्म की संज्ञा दी है धृति क्षमा दमोऽस्तेयम् शौचमिन्द्रिय निग्रह धीर्विद्या सत्यम् अक्रोधो दशकम् धर्म लक्षणम्।

7. Explain the strategic importance of the fort of Ranthambhor.
रणथम्भौर के दुर्ग के सैन्य महत्त्व को समझाइए ।

अरावली पर्वत माला में स्थित रणथम्भौर दुर्ग, वनों से घिरा होने कारण दिखाई नहीं देता है। यह दिल्ली-मालवा मार्ग पर स्थित होने के कारण सैन्य महत्त्व रखता है। अलाउद्दीन खिलजी द्वारा 1301 में हम्मीर पर आक्रमण – शरणागत वत्सलता। अबुल फज़ल (आइने अकबरी) अन्य सभी दुर्ग नंगे हैं यह दुर्ग बख्तरबंद है। यह गिरि दुर्ग है जिसमें त्रिनेत्र गणेश मंदिर गणेश पोल - हाथी पोल अभेद्य दरवाजे है।


[redacted]

8. Discuss the nature of '1857'.
'1857' की प्रकृति की व्याख्या कीजिये ।

1857 का अवध के सैनिकों, बिहार के कुंवर सिंह, इलाहाबाद में लियाकत अली, कानपुर में नाना साहब, दिल्ली में बहादुर शाह जफर के नेतृत्व में हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल, किसानों, दस्तकारों द्वारा लड़ा गया। मुख्यत: उत्तरी भारत में लड़ा गया। राजस्थान में एरिनपुरा, कोटा, नीमच में विद्रोह हुआ। यह धार्मिक असंतोष, डलहौजी की गोद निषेध नीति, कम्पनी द्वारा आर्थिक शोषण, भेदभाव के परिणाम स्वरूप हुआ। जो डिजरायली के अनुसार- राष्ट्रीय विद्रोह R C मजूमदार के अनुसार सैनिक विद्रोह। सावरकर के अनुसार भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम था।

9. "Treaty of Versailles was responsible for the Second World War." Comment.
"वर्साई की सन्धि द्वितीय विश्व युद्ध के लिये उत्तरदायी थी ।" टिप्पणी कीजिये ।

प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी के साथ विजेता राष्ट्र (फ्रांस, इंग्लैण्ड) ने अपमानजनक सन्धि की। परिणाम स्वरूप जर्मनी में हिटलर के नेतृत्व में नाजीवाद का उदय, राइन नदी क्षेत्र का सैन्यकरण, जर्मनी में उग्र राष्ट्रवाद की भावना उत्पन्न, स्पेन के गृह युद्ध में हिटलर का मनोबल बढ़ा। हिटलर व मुसोलिनी (फासीवाद) की बढ़ती महत्वाकांक्षा व बदले की भावना II WW का कारण बनी। जर्मनी ने पोलिश गलियारे की माँग के आधार पर 1 sept 1939 को पोलैण्ड पर आक्रमण कर दिया।



[redacted]

**Note :** Answer the following question in **200** words. The question carries **20** marks.
**नोट :** निम्न प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों में दें । इस प्रश्न के **20** अंक है ।

10. Critically discuss Maldeo's relations with Humayun and Sher Shah.
मालदेव के हुमायूँ व शेरशाह के साथ संबंधों की आलोचनात्मक विवेचना कीजिये ।

**OR/अथवा**

Write an essay on the ancient Indian Scientific Literature.
प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक साहित्य पर एक निबन्ध लिखिये ।

प्राचीन काल में भारतीय साहित्य विज्ञान, कला संस्कृति की दृष्टि से उन्नत था। उस समय की स्थिति का ज्ञान इलाहाबाद की प्रयाग प्रशस्ति (समुद्रगुप्त), जूनागढ़ अभिलेख (रुद्रदामन) आदि शिलालेखों, सिक्कों मंदिरों के माध्यम से इसकी उत्कृष्टता का ज्ञान होता है।

आर्यभट्ट द्वारा रचित सूर्यसिद्धान्त, आर्यभट्टीयम के माध्यम से आर्यभट्ट की खोजों का ज्ञान होता है। जैसे π का मान 3.14, दशमलव प्रणाली, शून्य का ज्ञान, सूर्य ग्रहण चन्द्रग्रहण, पृथ्वी गोल है आदि।

प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक धन्वन्तरि ने रोग निदान व इलाज की पद्धति की खोज की। वहीं नागार्जुन ने सोने चाँदी के माध्यम से रोग निदान (रसायनाचार्य) की पद्धतियाँ विकसित की।


[redacted]

वाग्भट्ट द्वारा रचित अष्टांग हृदय के माध्यम से हृदय की संरचना, हृदय रोगों की निदान प्रणाली की जानकारी मिलती है। पालकाप्य द्वारा रचित हस्ति आयुर्वेद के माध्यम से पशुरोगों की जानकारी उपचार पद्धति की जानकारी मिलती है।

वराहमिहिर द्वारा रचित पंचसिद्धान्तिका के माध्यम से ज्योतिष का ज्ञान, सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, खगोलशास्त्र का ज्ञान प्राप्त होता है। ब्रह्मगुप्त (भीनमाल-राजस्थान) द्वारा रचित पुस्तक के माध्यम से ज्योतिष एवं खगोलशास्त्र का ज्ञान प्राप्त होता है।

चरक सुश्रुत नागार्जुन प्राचीन काल के महान् शरीर विज्ञानी रसायनज्ञ थे जिनकी रचनाओं से हमें प्राचीन काल में भारतीय विज्ञान क्षेत्र की प्रगति का ज्ञान होता है।

12 दिल्ली स्थित महरौली का लौह स्तम्भ जिसपर आज भी जंग नहीं लगा है। (चन्द्रगुप्त द्वितीय) और सुल्तानगंज से बौद्ध प्रतिमा तांबे की एक टन की मूर्ति भी भारतीय विज्ञान क्षेत्र की समृद्धि की द्योतक है।

साथ ही अर्थशास्त्र - कौटिल्य, पाणिनी - अष्टाध्यायी, शूद्रक - मृच्छकटिकम्, मैगस्थनीज - इण्डिका, कालिदास के नाटक अभिज्ञान शाकुन्तलम्, ऋतुसंहार, विक्रमोर्वशीयम् भी प्राचीन काल के भारतीय समृद्धशीलता को दर्शाते हैं।



[redacted]

(Unit-II) (50 Marks)

(यूनिट-II) (50 अंक)

**Part – A** **Marks : 10**

**भाग – अ** **अंक : 10**

**Note :** Attempt **all** the following questions in not more than **15** words each. Each question carries **2 (two)** marks.

**नोट :** निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों का **15-15** शब्दों में उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. Define the word 'Secular' as contained in the preamble of India's Constitution.
भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द की परिभाषा दें ।

धर्मनिरपेक्ष – राज्य सभी धर्मों को समान महत्व देता है

– राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है।

भारत में secular का सकारात्मक अर्थ लिया गया। पाश्चात्य नकारात्मक

42वें संविधान संशोधन से जोड़ा।

✓ 1½

2. Define Money Bill.
'धन विधेयक' को परिभाषित करें ।

– संविधान के अनुच्छेद – 110 में वर्णित प्रावधानों जैसे

करों के संग्रहण, विनिर्धारण से सम्बन्धित विधेयक धन विधेयक

– लोक सभा का अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक की पहचान/पुष्टी।

– प्रत्येक धन विधेयक वित्त विधेयक होता है परन्तु परन्तु वित्त धन नहीं

✓ 1½

 [redacted]

3. What are the characteristic features of 'Good governance' ?

'सुशासन' की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

सुशासन - (1) कानून का शासन (Rule of law)
(2) पारदर्शिता पूर्ण शासन (3) जवाबदेही पूर्ण
(4) जनभागीदारी का उच्च स्तर (6) लोकतान्त्रिक प्रणाली
(5) R.T.I - Good Governance की master key - ARC2

1½

4. What was the importance of Munshi-Ayangar formula in the Constituent Assembly ?

संविधान सभा में मुंशी-आयंगर सूत्र का क्या महत्त्व था ?

5. Distinguish between the Secretariat departments and the Directorates at the State Level.

राज्य स्तर पर सचिवालय के विभागों एवं निदेशालयों के बीच अंतर समझाइए।

| सचिवालय | निदेशालय |
|---|---|
| (1) सचिवालय का मुख्य कार्य नीति निर्माण करना व सलाह देना | (1) निदेशालय का मुख्य कार्य, नीतियों का क्रियान्वयन करना है। |
| (2) सचिवालय - सामान्यज्ञ प्रकृति के अधिकारी | (2) विशेषज्ञ प्रकृति के अधिकारी |
| (3) सचिवालय - मंत्रिपरिषद् को सतत् समन्वय रखता है | (3) यह सचिवालय के साथ समन्वय |
| (4) यह staff अभिकरण - सामान्य प्रशासन विभाग | (4) यह line agency - पुलिस निदेशालय |

2



[redacted]

## Part – B | Marks : 20

## भाग – ब | अंक : 20

**Note :** Attempt **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5 (five)** marks.

**नोट :** निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50 (पचास)** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5 (पाँच)** अंक हैं ।

6. What did the Indian Constitution borrow from the Government of India Act of 1935 ? Explain.
भारतीय संविधान ने भारत सरकार अधिनियम 1935 से क्या ग्रहण किया ? विवेचना करें ।

भारतीय संविधान का एक सबसे बड़ा स्रोत 1935 का अधिनियम जिसमें (1) शक्तियों का विभाजन (केन्द्र, राज्य समवर्ती सूची) (2) संसदीय शासन प्रणाली (3) द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका प्रणाली (4) राज्य सरकार की संकल्पना (5) गवर्नर की अवधारणा (6) न्यायपालिका की स्वतन्त्रता (7) मजबूत केन्द्र की अवधारणा (8) विस्तृत मताधिकार (9) दोहरी सरकार।

2

7. What has been the progress in the realm of Citizen's Charters in India ? Discuss the positive impact and limitations.
भारत में 'नागरिक अधिकार-पत्र' के क्षेत्र में क्या प्रगति हुई है ? इनके सकारात्मक प्रभाव तथा सीमाओं की व्याख्या करें ।

इंग्लैण्ड मे जॉन मेयर (1991) से आरम्भ Citizen Charter, भारत मे प्रशासनिक सुधारों के रूप मे गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से Citizen Charter लागू किए गए। भारत मे इससे जन जवाबदेही बढ़ी शासन मे पारदर्शिता गुणवत्तापूर्ण सेवाएं विकसित लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जनसुनवाई जैसे नये कार्य बढ़ा

2



[redacted]

8. "India is a Federal State with several Unitary features." Comment.
"भारत कई एकात्मक विशेषताओं सहित संघात्मक राज्य है ।" टिप्पणी करें ।

भारत राज्यों का संघ है (Union of States) (अनुच्छेद-1) जिसमें एकात्मक लक्षण जैसे - एकीकृत न्यायपालिका, एकल नागरिकता, शक्तियों का विभाजन केन्द्र के पक्ष में (97 विषय), एक संविधान, राज्य सभा में सीटों का आवंटन (आनुपातिक), राज्यों का वित्तीय रूप से कमजोर

संघात्मक लक्षण - दोहरी सरकार (केन्द्र, राज्य), स्वतन्त्र न्यायपालिका, शक्तियों का विभाजन, संविधान की सर्वोच्चता, लिखित संविधान, राज्य सभा की उपस्थिति, वित्त आयोग (280) का प्रावधान।

वस्तुतः भारत सहयोगी संघवाद (आस्टीन) अधिक है जिसका झुकाव केन्द्र की ओर है (आयवर जेनिंग्स)

9. "A strong Indian democracy needs important reforms in its election system." Comment.
"एक शक्तिशाली भारतीय जनतंत्र को चुनाव प्रणाली में महत्त्वपूर्ण सुधारों की आवश्यकता है ।" विवेचन करें ।

चुनाव सुधार (1) चुनाव में अत्यधिक धन का दुरुपयोग रोकना (State funding), (2) चुनाव में धर्म, जाति क्षेत्र का प्रभाव रोकना (3) जन सहभागिता 16वीं में (66.4% मतदान) को और बढ़ाना (4) अपराधियों की राजनीति में रोकथाम (10 July का निर्णय सुप्रीमकोर्ट) (5) जातीयकरण व साम्प्रदायीकरण रोकना (रजनी कोठारी) (6) Right to Recall का प्रावधान (7) NOTA की जागरूकता करना (8) सहभागी लोकतन्त्र का विकास)


[redacted]

## Part – C   Marks : 20
## भाग – स   अंक : 20

**Note :** Answer the following in not more than **200** words. The question carries **20** marks.
**नोट :** निम्न प्रश्न का उत्तर अधिकतम **200** शब्दों में दें । प्रश्न **20** अंक का है ।

10. "Despite several challenges, India will remain a strong and united Nation." Which political, administrative, social and economic factors lend strength to India's Unity ? Discuss.
"कई चुनौतियों के बावजूद, भारत एक शक्तिशाली एवं एकीकृत राष्ट्र रहेगा ।" वे कौन से राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक एवं आर्थिक घटक हैं जो भारतीय एकता को सशक्त बनाते हैं ? विवेचन करें ।

**OR/अथवा**

"Ever since its formation, the State of Rajasthan has been through a series of administrative innovations and reforms." Discuss the major innovations and reforms in the realm of public administration, policy making and responsiveness.
"राजस्थान राज्य में, इसके निर्माण से लेकर अब तक, प्रशासनिक नवाचार एवं सुधारों की एक शृंखला रही है ।" लोक प्रशासन, नीति-निरूपण एवं संवेदनशीलता के क्षेत्र में हुए प्रमुख नवाचारों एवं सुधारों की व्याख्या कीजिए ।

ब्रिटिश उपनिवेश से 15 July 1947 को आजाद होने के साथ ही भारत की राष्ट्रीय एकता की चुनौतिया उत्पन्न होगई। इसमें देशी रियासतों का एकीकरण (सरदार पटेल) करके इसे भौगोलिक सुदृढता प्रदान की।
(G.S. घुर्ये – सामाजिक मनोवैज्ञानिक एकता)

वर्तमान समय में नक्सलवाद चुनौतियाँ

(1) नक्सलवाद – रैड कोरिडोर 150 से अधिक जिले, महाराष्ट्र AP उड़ीसा।
(2) साम्प्रदायवाद – दंगे, चुनावी हितो के कारण, divide & Rule (अंग्रेज)
(3) जातिवाद – चुनावी कारणों से, शिक्षा से दूर करना चाहती।
(4) क्षेत्रवाद – विकास मे पिछड़ना, सांस्कृतिक पहचान हेतु
(5) अलगाववाद – North East, धर्म, आर्थिक पिछड़ेपन के कारण
(6) आतंकवाद – कश्मीर क्षेत्र, पाक प्रायोजित)

इसके अलावा गरीबी, महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार आदि चुनौतियाँ और



[redacted]

इन चुनौतियों के बावजूद ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक एवं अखण्ड है। जो एकता रखते हैं तरह बहुसांस्कृतिक प्रणाली के मानने वाले राष्ट्रवासी आपसी सहअस्तित्व बनाए हुए हैं ज्यादातर भाषाएँ प्राचीन संस्कृत से उत्पन्न होने के कारण आपाधी समान व एकता ही राष्ट्रीय आंदोलन में सभी क्षेत्रों का योगदान पूरे राष्ट्र को एकता में पिरोता था।

स्वीकृत न्यायपालिका, संसदीय शासन प्रणाली जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी है। शिक्षा का बढ़ता दायरा, रोजगार का विकास भी राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करते हैं।

सामूहिक चुनाव प्रणाली, यातायात के साधन, संचार साधनों का विकास, रेडियो दूरदर्शन का भी राष्ट्रीय एकता में योगदान है.

प्रशासनिक एकरूपता (ग्रामीण स्थानीय शासन व शहरी शासन), राज्य शासन व्यवस्था भी एकरूपता, एकता, अखंडता का अहसास कराती है।

इसके साथ ही संवैधानिक कर्तव्य अनुच्छेद-51 A राष्ट्रीय एकता व अखण्डता सुनिश्चित करते हैं।

✓ 7



[redacted]

(Unit-III) (50 Marks)

(यूनिट-III) (50 अंक)

**Part – A** **Marks : 10**

**भाग – अ** **अंक : 10**

**Note :** Answer the following questions in **15** words. Each question carries **2** marks.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. What programs have been initiated by Government for Skill Development in India ?

भारत में कौशल विकास के लिये सरकार ने किन कार्यक्रमों को लागू किया है ?

(1) दीन दयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना
(2) Skill India Mission
(3) नई मंजिल – अल्पसंख्यक
(4) रोशनी – नक्सल क्षेत्र में रोजगार

2. Suggest important measures for improving the Global Competitiveness of India.

भारत की वैश्विक स्पर्द्धात्मकता में सुधार हेतु महत्त्वपूर्ण उपाय बताइये ।

(1) कर प्रणाली में सुधार – GST लागू करना, करों की अनुपालना आसान
(2) आधारभूत संरचना – रेल, बिजली, शिक्षा में सुधार
(3) प्र.वि.नि. (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश – FDI) की limit बढ़ाना जैसे बीमा, रक्षा – 49%
(4) Skill development करना
(5) digitalisation ताकि अर्थव्यवस्था एकीकृत हो



[redacted]

3. Which are the 'Sunrise' industries in India ?

भारत में 'सनराईज' उद्योग कौन से हैं ?

जो उद्योग अर्थव्यवस्था में अधिक योगदान दे।
IT उद्योग, कम्प्यूटर उद्योग
Telecommunication, दवाई उद्योग

4. Specify the basic indicators used in preparing the Human Development indices.

मानव विकास सूचकांकों के निरूपण में प्रयुक्त आधारभूत संकेतांक बताइये ।

संयुक्त राष्ट्र विकास संघ (UNDP) द्वारा जारी।
(1) प्रति व्यक्ति आय (Per Capita Income)
(2) शिक्षा की उपलब्धता
(3) पोषण का स्तर (एवं स्वास्थ्य)
HDI Rank – 130 भारत

5. Specify the features of 'Sansad Adarsh Gram Yojna'.

'सांसद आदर्श ग्राम योजना' की विशेषताएं बताइये ।

इस में प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में ऐसे गांवों की स्थापना जो
सामाजिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संरचना शिक्षा की दृष्टि से
अन्य गांवों के लिए आदर्श। (11 Oct 2014 से शुरू)
जय प्रकाश नारायण के जन्मदिन पर शुरू।



[redacted]

**Part – B** **Marks : 20**
**भाग – ब** **अंक : 20**

**Note :** Answer the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.
**नोट :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं ।

6. "Neglect of agriculture sector in India's Five Year Plans has far reaching implications for the State Economy." Comment.
"भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि क्षेत्र की उपेक्षा का राज्यों की अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ा है ।" टिप्पणी कीजिये ।

कृषि में कम सार्वजनिक निवेश, पिछड़ी तकनीक
औद्योगिकीकरण पर अधिक जोर, सेवा क्षेत्र का विकास
GDP में कृषि का योगदान (less than 15%) 14% होने का प्रभाव
देश में गरीबी का प्रमुख स्रोत (29.5% रोजगार)
कृषि में प्रच्छन्न बेरोजगारी (आधी श्रम शक्ति)
ग्रामीण क्षेत्रों का पिछड़ा, राज्यों के राजस्व कम (कृषि आय कर राज्य)
कृषि कम होने से राज्य विकास में पिछड़े हैं। राज्यों की विकास
दर कम है।

7. Critically examine the strategy used for the development of manufacturing sector in Rajasthan.
राजस्थान में विनिर्माण क्षेत्र के विकास हेतु प्रयुक्त रणनीति का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये ।

राजस्थान में RIICO, RFC, Make in Rajasthan,
रिसर्जेन्ट राजस्थान के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा दिया।
जापानी पार्क (नीमराणा) महिन्द्रा IT SEZ, धौलपुर
अलवर में उद्योग, दिल्ली मुम्बई Industrial Corridor) उपयोग
होण्डा भिवाड़ी में कार कारखाना, सीमेन्ट उद्योग में glass factory
का खुड़ाला में स्कूटर कारखाना,
रणनीति में सौर ऊर्जा सीमेन्ट क्षेत्र पर जोर देना चाहिए



[redacted]

8. Analyse the salient features of Jan-Dhan Yojna initiated by Government of India.

भारत सरकार द्वारा निरूपित जन-धन योजना की प्रमुख विशेषताओं की समीक्षा कीजिये ।

28 अगस्त, 2014 को शुरू, वित्तीय समावेशन (Financial inclusion) की सबसे बड़ी योजना। इसके अन्तर्गत प्रत्येक परिवार का कम से कम एक खाता खोला गया। छः माह तक खाते की सही संचालन पर 5000/- के overdraft की सुविधा, 30,000/- का दुर्घटना बीमा की सुविधा, का प्रावधान है। इसमें 18 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं। Jandhan Aadhar Mobile (JAM) के माध्यम से Subsidy का Rationalisation, वित्तीय समावेशन, DBT पहल के माध्यम से subsidy लिकेज कम।

9. "Beti Bachao, Beti Padhao" Yojna is crucial for reducing gender disparities." Critically examine the statement.

"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना जेन्डर (लैंगिक) विषमताओं में कमी लाने हेतु एक महत्त्वपूर्ण उपाय है ।" इस कथन की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिये ।

वर्तमान में भारत में 943/1000 लिंगानुपात, राजस्थान में 928 गिरते लिंगानुपात के मद्देनजर इस योजना के अन्तर्गत देश के 100 न्यूनतम लिंगानुपात वाले जिलों में शुरू की गई है। इसके माध्यम से बालिका के जन्म पर बधाई संदेश, गर्भवती महिला के स्वास्थ्य की देखभाल, बालिका के लिए स्वास्थ्य व शिक्षा की देखभाल की व्यवस्था। इसमें राजस्थान के 10 जिले हैं। इस योजना के माध्यम से बालिका सशक्तिकरण व महिला सशक्तिकरण हो सकेगा। लैंगिक विषमता दूर करने हेतु समावेशी विकास, रोजगार सृजन, पुरस्कारात्मक वातावरण भी आवश्यक है।

**Part – C**
**भाग – स**

**Marks : 20**
**अंक : 20**

**Note :** Answer the following question in **200** words. The question carries **20** marks.
**नोट :** निम्न प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों में दें । इस प्रश्न के **20** अंक हैं ।

10. "Financial inclusion is imperative for the socio-economic development of the economy." Comment.
"एक अर्थव्यवस्था के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु वित्तीय समावेश परम आवश्यक है ।" टिप्पणी कीजिये ।

**OR/अथवा**

Analyse the impact of road development for the rural economy of the country.
देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिये सड़क विकास के प्रभाव की विवेचना कीजिये ।

देश के वंचित, कमजोर, वर्गों जैसे महिलाए, SC, ST, दिव्यांग, को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना वित्तीय समावेशन है। इस हेतु स्वाभिमान योजना, आमआदमी योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना शुरू की गई।

नचिकेत मोर समिति की सिफारिशों के अनुरूप अर्थव्यवस्था के एकीकरण हेतु व उदारीकरण, निजीकरण, भूमण्डलीकरण का फायदा सभी तक पहुँचाने हेतु वित्तीय समावेशन आवश्यक है।

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविन्द सुब्रमण्यम द्वारा सुझाए गए JAM त्रिनिटी Solution जनधन योजना, आधार कार्ड, मोबाइल को समग्र रूप से जोड़कर देश का सामाजिक आर्थिक विकास किया जा सकेगा।



[redacted]

वित्तीय समावेशन से निम्नांकित लाभ है-

(1) देश की सब्सिडी का Rationalisation, सम्भव होगा। direct Benefit transfer, DBT पहल scheme से।

(2) वित्तीय जागरूकता बढ़ने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था बाहरी अर्थव्यवस्था से जुड़ सकेगी। एकीकृत अर्थव्यवस्था का निर्माण

(3) ई-कॉमर्स के माध्यम से अर्थव्यवस्था का बाजार जुड़ सकेगी। सभी लोगों की बाजार तक पहुँच।

(4) राष्ट्रीय बचत दर 30% से बढ़ सकेगी। क्योंकि अतिरिक्त धन बैंकों में आयेगा।

(5) अर्थव्यवस्था में रोजगार बढ़ने से वित्तीय समावेशन अधिक सुदृढ़ होगा।

(6) किसानों तक सरकार की पहुँच किसान क्रेडिट कार्ड फसल बीमा योजना द्वारा आसान होगी।

(7) ग्रामीण क्षेत्रों से निवेश का असर दीर्घकालिक रूप से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

(8) महिला सशक्तिकरण की (भामाशाह योजना) भी वित्तीय समावेशन के फलस्वरूप सम्भव होगा।

(9) बैंकिंग प्रणाली का विस्तार होने से बैंकिंग व्यवस्था अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की हो सकेगी।

✓10

(10) वित्तीय जागरूकता बढ़ने से वित्तीय धोखाधड़ी कम अर्थव्यवस्था का समेकित, सतत व समावेशी विकास हो सकेगा।



[redacted]

(Unit-IV) (50 Marks)

(यूनिट-IV) (50 अंक)

**Part – A** **Marks : 10**

**भाग – अ** **अंक : 10**

**Note :** Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट** : निम्नलिखित सभी प्रश्नों का उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न कें **2** अंक हैं ।

1. What causes rainy winter and dry summer in Mediterranean climatic region ?

   भूमध्य-सागरीय जलवायु प्रदेश में नम शीत ऋतु नम तथा शुष्क ग्रीष्म ऋतु के क्या कारण हैं ?

   भूमध्य सागरीय जलवायु में समुद्र से स्थल (शीत ऋतु) की ओर बहने वाली हवाएँ इसका कारण है
   ग्रीष्म ऋतु में स्थल से समुद्र की ओर (गर्म)

   0

2. What is Nubra Valley ?

   नुब्रा घाटी क्या है ?

3. What is the significance of Hungrijan Moran ?

हुंगरीजन-मोरेन की क्या महत्ता है ?

4. What makes western Rajasthan extreme drought affected area of India ?

पश्चिमी राजस्थान भारत का अत्यधिक सूखा प्रभावित क्षेत्र क्यों है ?

अरावली पर्वतमाला की अवस्थिति जिसके कारण अरब सागरीय मानसून की वर्षा नहीं। टेथिस सागर की तलछट से निर्माण, वनों का अभाव जिससे वर्षा आकर्षित नहीं। बंगाल की खाड़ी के मानसून से दूर स्थित है।

1½

5. Give the characteristics of 'Dang region' of Rajasthan.

राजस्थान के 'डांग क्षेत्र' की विशेषताएँ बताइये ।

चम्बल नदी के प्रवाह के जिले धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर में अवनालिका अपरदन के कारण भू भाग का कटाव है आर्थिक रूप से पिछड़ा पन। विकास हेतु डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम शुरू — 8 जिले जिसमें — धौलपुर करौली सवाईमाधोपुर, अलवर + हाड़ौती।

1



[redacted]

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 20**
**अंक : 20**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.
**नोट :** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं ।

6. Briefly describe the 'Diago-Garsia Conflict'.
'डिएगो-गार्सिया संघर्ष' का संक्षिप्त वर्णन कीजिये ।

डिएगो गार्सिया में संयुक्त राज्य अमेरीका की नौसेना का अड्डा है जिससे हिन्द महासागर में शांति व्यवस्था प्रभावित हुई। हिन्द महासागर में समुद्री परिवहन विश्व अर्थव्यवस्था का 30% है अतः इसका सामरिक महत्व व अर्थव्यवस्था में है। भारत द्वारा सागरमाला योजना व चीन द्वारा String of pearls नीति के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

7. Differentiate between Bangar and Khadar regions of India.
भारत में बांगर एवं खादर क्षेत्रों में अन्तर स्पष्ट कीजिये ।

बांगर वह क्षेत्र है जहाँ बाढ़ का पानी नहीं पहुँचता है। यह पुरानी जलोढ़ मिट्टी का क्षेत्र होता है जो फसलीय कृषि से उपजाऊ है। गंगा-यमुना का मैदान वहीं खादर वह क्षेत्र है जहाँ बाढ़ द्वारा प्रतिवर्ष नई मिट्टी लाई जाती है। यह नदी द्रोणी के नीचले क्षेत्र में होता है जहां फसलें बाढ़ द्वारा प्रभावित होती है।



[redacted]

8. Portray the geographic-cultural identity of Shekhawati region of Rajasthan.
राजस्थान के शेखावटी क्षेत्र की भौगोलिक-सांस्कृतिक पहचान का चित्रण कीजिये ।

शेखावाटी – सीकर, चुरू, झुन्झुनूँ व नागौर का उत्तरी हिस्सा है।
इसमें कातली नदी, (खण्डेला पहाड़ी उद्गम), हर्ष पर्वत श्रेणी
रेत के टीले रैवासा झील (नमक), अर्द्धशुष्क जलवायु प्रदेश है
फसलें – चवला, ज्वार, मूँग बाजरा, । खेतड़ी में ताँबा खान ।
सांस्कृतिक दृष्टि से : स्थापत्य कला की दृष्टि से बेजोड़ हवेलियाँ
मण्डावा, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, नवलगढ़) बावड़ी – छतरियाँ भी प्रसिद्ध।
शेखावाटी में होली के अवसर पर चंग-वादन, त्यौहारों में
सावन तीज। गणगौर (चैत्र शुक्ल एकम) आदि मनाए जाते हैं।
शेखावाटी में भिति चित्र (फ्रेस्को सेको व फ्रेस्को बुनो) विश्व प्रसिद्ध

9. 'Rajasthan has immense potentiality of solar energy.' Explain.
'राजस्थान में सौर ऊर्जा की विपुल सम्भावनायें हैं ।' समझाइये ।

राजस्थान में वर्ष में 300 दिन स्वच्छ आकाश, कर्क रेखा
के ऊपर में स्थित (सूर्यताप), 5-6 kwh/m2 सौर्यताप गुणांक
पश्चिमी राजस्थान में भूमि की उपलब्धता आदि कारण है।
साथ ही वर्तमान क्षमता 1264 MW है और राजस्थान सौर
ऊर्जा नीति-2014 के लक्ष्य – 25000 MW (प्रथम स्थान), निवेश प्रोत्साहन
Roof top scheme, solar pump set से सिंचाई को प्रोत्साहन
आदि के माध्यम से सौर ऊर्जा के विकास की अपार सम्भावना है।
सौर ऊर्जा clean energy होने से Eco friendly आदि है।


[redacted]

**Part – C** **Marks : 20**
**भाग – स** **अंक : 20**

**Note :** Answer the following question in **200** words. The question carries **20** marks.
**नोट :** निम्न प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों में दें । इस प्रश्न के **20** अंक हैं ।

10. Describe the causes of ecological crisis in India.
भारत में पारिस्थितिक संकट के कारणों का वर्णन कीजिये ।

**OR/अथवा**

Divide Rajasthan into Agro-climatic regions and describe any one in detail.
राजस्थान को कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभाजित कीजिये तथा किसी एक का सविस्तार वर्णन कीजिये ।

राजस्थान को 10 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बांटा गया है। राजस्थान मे वर्षा, तापमान मिट्टी, जलवायु कृषि के प्रारूप के आधार पर है।

(1) IA – इसमें बीकानेर, जोधपुर क्षेत्र है इसमें उष्ण जलवायु है ~~अति~~ शुष्क ~~मैदानी~~ क्षेत्र है। जैसलमेर का क्षेत्र है
यह शुष्क क्षेत्र है।

(2) IB – इसमें बीकानेर का उत्तरी भाग, चुरू का पूर्वी भाग
सिंचित क्षेत्र IGNP का क्षेत्र
यह क्षेत्र सिंचित होने से विविध फसलें हैं।

(3) IC गंगानगर हनुमानगढ़ का क्षेत्र
इसमें भाखड़ा सिंचाई अधिकतम IGNP क्षेत्र

(4) IIB जालौर पाली सिरोही क्षेत्र
लूणी नदी का क्षेत्र शुष्क क्षेत्र



[redacted]

(5) IIA - अन्त: प्रवाही शुष्क मैदानी क्षेत्र
सीकर चुरू झुन्झुनू का क्षेत्र

(6) IIIA अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदानी क्षेत्र :- दौसा टोंक
अजमेर जयपुर क्षेत्र

(7) IIIB शुष्क पूर्वी मैदानी क्षेत्र — धौलपुर करौली
सवाई माधोपुर

(8) IVA अर्द्ध आर्द्र दक्षिणी मैदानी क्षेत्र — उदयपुर
भीलवाड़ा क्षेत्र

(9) IVB आर्द्र दक्षिणी मैदानी क्षेत्र - उदयपुर
बांसवाड़ा डूंगरपुर क्षेत्र


(10) V — हाड़ौती जलवायु क्षेत्र :

V दक्षिणी पूर्वी मैदानी क्षेत्र :-

यह मालवा के पठार का हिस्सा है जिसमें काली
मिट्टी पाई जाती है यहां कपास धनिया,
मसाले सोयाबीन की खेती की जाती है।
यहां वर्षा का औसत 100 cm है
इसमें कोटा बूंदी बांरा झालावाड़ क्षेत्र है
इसके अन्तर्गत (1) शाहबाद की उच्चभूमि
300 मीटर औसत।

(2) अर्द्ध चन्द्राकार पहाड़ियाँ (3) डग गंगधार का क्षेत्र है। यह चम्बल, ब्राह्मणी, कालीसिन्ध, परवन आदि नदियों का क्षेत्र है।

जलवायु क्षेत्र :—




हाड़ौती क्षेत्र में सघन वनस्पति, पथरीली जमीन इमारती पत्थर - कोटा स्टोन पाए जाते हैं। हाड़ौती क्षेत्र में जलवायु आर्द्र, तापमान उच्च व नमी युक्त वातावरण रहता है। यहाँ की उपयुक्त जलवायु व कृषि की बेहतर स्थिति के कारण जनसंख्या का अधिक बसावट है। इस प्रकार हाड़ौती तुलनात्मक रूप से अधिक समृद्ध व उन्नत है।

## SPACE FOR ROUGH WORK

5 kwh

40 Que

10x4

10
10
10
10

Part A B C D

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10

op



[redacted]